वर्ष 1 - अंक 22
शनिवार 14 दिसम्बर 2024 - कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

### लखनऊ में ऑनलाइन गेम में पैसा हारने पर

# लगाई फांसी


## कमरे में फंदे से लटकता मिला, 20 हजार रुपए लिया था उधार



लखनऊ। विभूतिखंड इलाके में बुधवार को ऑनलाइन गेम में रुपए हारने पर किशोर ने फांसी लगाकर जान दे दी। बड़े भाई के दोस्त ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस लोहिया अस्पताल लेकर गई।जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। किशोर 4 दिन पहले झारखंड से अपने भाई के पास लखनऊ आया था। झारखंड के कोडरमा का रहने वाला अनुज बरनवाल 17 पुत्र उमेश प्रसाद बरनवाल 4 दिन पहले अपने भाई आदित्य के पास लखनऊ आया था। आदित्य विभूतिखंड इलाके के कठोता में किराए के कमरे में साथी शिवम के साथ रहता है। आदित्य की विभवखंड में पान की दुकान है मंगलवार को आदित्य किसी काम से दिल्ली गया था। थाना प्रभारी सुनील सिंह ने बताया कि मौके से कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला है।न तो परिजनों की तरफ से कोई तहरीर मिली है।



अपराध व अपराधियों पर नकेल कसने में माहिर SHO ठाकुरगंज पुलिस टीम को मिली बड़ी सफलता!
मोबाइल लूट कर भागने वाला आरोपी अरेस्ट महिला का मोबाइल लूट कर भागा था आरोपी!
महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को घटनास्थल के पास से किया अरेस्ट!
गिरफ्त में आए आरोपी की ओमकार सिंह के रूप में हुई पहचान!!
SHO ठाकुरगंज के नेतृत्व में चौकी प्रभारी भूहर शुभम कुमार ने पुलिस टीम के साथ किया अरेस्ट!



### लखनऊ सिलेंडर ब्लास्ट में तीसरी मौत

# युवक का ट्रॉमा सेंटर में चल रहा था इलाज

## अवैध गैस गोदाम में रिफिलिंग के दौरान हादसा

लखनऊ। दुबग्गा अवैध गैस गोदाम में हुए ब्लास्ट में घायल एक और युवक की मौत हो गई। शाहपुर भमरौली गांव में 6 सितंबर को घर के अंदर अवैध गैस रिफिलिंग करते समय हुए धमाके में बच्ची सहित 6 लोग घायल हो गए थे। मृतक के चाचा सज्जन गुप्ता ने बताया कि गुरुवार दोपहर इलाज के दौरान तीसरे युवक मोहित गुप्ता 24 की भी मौत हो गई।



इसमें पहले शोभित गुप्ता की 10 सितंबर को मौत हो गई थी। मजदूर रंजीत की 8 सितंबर को मौत हुई थी। सज्जन गुप्ता ने बताया कि परिवार के दो जवान बेटों की मौत से कोहराम मचा हुआ है।मोहित का गुलाल घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस संबंध में इंस्पेक्टर अभिनव कुमार वर्मा ने बताया मुख्य आरोपित रोहित गुप्ता फरार है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## ‘एक विरासत से विकास की अनूठी दौड़’ बाइक रैली निकाली

# रातापानी बना आठवां टाइगर रिजर्व




**प्रदेश के आठवें टाइगर रिजर्व रातापानी का शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकार्पण किया। इस लोकार्पण के बाद रातापानी अभ्यारण्य को प्रदेश का आठवां टाइगर रिजर्व का दर्जा मिला है। इस दौरान उनके साथ फिल्म अभिनेता रणदीप हुड्डा व मंत्री-विधायक समेत हजारों की संख्या में भोपालवासी मौजूद रहे।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की एक मात्र भोपाल ऐसी राजधानी है, जिसके आंगन में टाइगर रिजर्व है। यह बहुत बड़ा सम्मान मध्य प्रदेश को मिला है। उन्होंने कहा कि कहीं आने-जाने के लिए इस्तेमाल होने वाली मोटर साइकिल के माध्यम से क्या किसी कार्यक्रम का उद्घाटन हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा ये प्रयोग पहली बार हुआ है, जब रातापानी टाइगर रिजर्व को लोकार्पण करने से पहले बाइक रैली का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रातापानी टाईगर रिजर्व बनने से भेपाल में रोजगार की बड़ी संभावना बनी है. यहां होटल, लॉज समेत अन्य व्यापार को बढ़ावा मिलेगा. लोगों को भी रोजगार मिलेगा. इससे भोपाल ही नहीं आसपास तीन जिलों के अंदर रातापानी टाईगर रिजर्व के माध्यम से एक नई इबारत लिखी जाएगी। उन्होंने ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग नादानी की बातें करते हैं। वीर सावरकर एक मात्र ऐसे व्यक्ति



### जंगल का असली राजा है टाइगर

थे, जिन्होंने दो बार काला पानी की अंग्रेजों ने सजा दी. ये उनकी देशभक्ति दर्शाती है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में रातापानी टाइगर रिजर्व का नाम प्रख्यात पुरातत्वविद डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर के नाम पर रखा जाएगा। ये हरिभाऊ वाकणकर के नाम से प्रसिद्ध हैं और इन्हें भीमबेटका गुफाओं में प्राचीन शिलाचित्रों के अन्वेषण के लिए जाना जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे आज तक समझ नहीं आया कि टाइगर और लायन में जंगल का राजा लायन नहीं हो सकता. जंगल का राजा तो टाइगर ही होता है। उन्होंने कहा कि टाइगर और लायन की जिंदगी में देखें, तो दोनों के जीवन में मूल अंतर है। टाइगर को यदि भोजन लेना है, तो वो अपने पराक्रम से खुद शिकार करता है फिर खाता है। वह अपने पूरे एरिया में घूमता रहेगा कि कोई बाहर से तो नहीं आया। उसके क्षेत्र में कोई चुनौती तो नहीं दे रहा, जबकि लायन की जिंदगी में वो अपने परिवार में विश्वास करते हैं। अपनी मादाओं के साथ रहते हैं। वो खुद शिकार नहीं करता, उसके लिए दूसरे शिकार करते हैं, तो खाता है। विरासत कार्यक्रम में सुश्री स्वस्ति मेहुल, मुंबई ने अपने कलाकार दल के साथ लोकप्रिय भजन मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएंगे राम आयेंगे... प्रस्तुत किया।

### मैं कुरुक्षेत्र की धरती से आया हूं

फिल्म अभिनेता रणदीप हुड्डा ने अपने संबोधन में सबसे पहले लोगों से राम-राम फिर जयश्री कृष्णा बोला. इसके बाद कहा कि मैं कुरुक्षेत्र की धरती से आया हूं. जहां श्रीकृष्ण ने देश-दुनिया को अधर्म और अन्याय के खिलाफ संदेश दिया। ऐसी धरती से चलकर आज योगेश्वर श्री कृष्ण की की धरती पर आया हूं. जहां भगवान श्री कृष्ण पढ़-लिखकर गुरु बने और दुनिया को बेहतर बनाने का संदेश दिया। हुड्डा ने कहा कि आज मध्य प्रदेश में श्री कृष्ण की शिक्षाओं पर अमल करने की पहल हो रही है।

---

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत

## चंदेरी में आयोजित विवाह सम्मेलन में पांच जोड़ों का हुआ विवाह



मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान अंतर्गत शुक्रवार को जनपद पंचायत के नाम का चैक जनपद अध्यक्ष महेन्द्रपाल सिंह बुंदेला द्वारा वितरित किये गये। साथ ही जनपद पंचायत अधिकारी राजस्व अनुविभाग चंदेरी रचना शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चंदेरी

## यथार्थ आत्महत्या मामले की जांच और दोषियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर सर्वसमाज ने सौंपा ज्ञापन

जिला खेल अधिकारी अरुण रघुवंशी के इकलौते पुत्र यथार्थ रघुवंशी के कथित सुसाइड केस में शुक्रवार को सर्वसमाज अशोकनगर द्वारा मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा है। ज्ञापन में यथार्थ के आत्महत्या के मामले की निष्पक्ष जांच करने, आरोपियों की गिरफ्तारी करने, शूटिंग अकादमी प्रबंधन पर कार्यवाही करने आदि की मांगें रखी गई हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान विभिन्न समाजों के गणमान्य नागरिक, अध्यक्ष बड़ी संख्या में उपस्थित थे। ज्ञापन में बताया गया है कि यथार्थ रघुवंशी को षडयंत्रपूर्वक कुछ लोगों द्वारा चोरी के झूठे मामले में फंसाने का प्रयास किया जा रहा था



पुलिस द्वारा जब्त करने, डीबीआर प्राप्त कर लेने के बाजवूद नामित आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जांच नहीं की जा रही है और अकादमी द्वारा भी आरोपित छात्रों को घर जाने दिया है। ज्ञापन में पांच बिंदुओं पर जांच करने की मांग की गई है। इसमें सुसाइड नोट में यथार्थ द्वारा जिन छह छात्रों के नाम दिए हैं उन पर कार्यवाही की मांग

## पुलिस ने छात्र-छात्राओं बताए साइबर फ्रॉड से बचने के तरीके

### साइबर सेल के अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं के सवालों के दिए जबाव

**अशोकनगर**। पुलिस महानिदेशक मप्र द्वारा साइबर अपराधों को रोकने के उद्देश्य से साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता अभियान चलाये जाने के संबंध में निर्देश जारी किये गये हैं। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन द्वारा जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी, समस्त थाना प्रभारियों एवं समस्त चौकी प्रभारियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता अभियान चलाये जाने के संबंध में निर्देशित किया गया है। कचनार थाना प्रभारी पूनम सेलर एवं उप निरीक्षक मसीह खान, सहायक उप निरीक्षक अभिजीत सिंह साइबर सेल द्वारा साइबर अपराधों को रोकने व साइबर क्राइम के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने उद्देश्य से शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कचनार

# एआई से व्यापार के तरीके बदलने की संभावना...

**टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन एवं सीए शाखा इंदौर द्वारा "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एवं प्रोफेशन" विषय पर इंदौर में सेमिनार का आयोजन किया गया जिसे सीए अभिषेक गांग द्वारा संबोधित किया गया।**



टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट सीए जे पी सराफ ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मशीनों में मानवीय बुद्धिमत्ता का अनुकरण है, जिन्हें मनुष्यों की तरह सोचने और कार्य करने के लिए प्रोग्राम किया जाता है। पहले यह धारणा थी कि मशीनें सिर्फ दिए गए इंस्ट्रक्शंस ले आधार पर ही डेटा प्रोसेस करती हैं लेकिन ए आई से मशीनों में सीखना, तर्क करना, समस्या-समाधान, धारणा और भाषा की समझ सहित सभी क्षमताओं का समावेश हो चुका है। सीए अभिषेक गांग ने बताया कि आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस आज के परिदृश्य में कोई नई चीज़ नहीं है; हम लोग इसे डे टू डे लाइफ में उपयोग कर रहे हैं। चाहे व्हाट्स ऐप में मेटा हो या यू ट्यूब पर हमारी पसंद के कंटेंट का सजेशन हो। उन्होंने कहा कि हमारे प्रोफेशन में भी अब एआई का उपयोग सामान्य रूप से होने लगा है यहाँ तक कि सीए इंस्टिट्यूट ने भी अपना चैट जीपीटी लांच कर दिया है जिसमें हम अपनी सारी कंप्लायंस चेक कर सकते हैं। एक सीए यह भी चेक कर सकता है कि कौन कौन से डिस्क्लोजर उसे करने है, कौन कौन सी ऑडिट रिपोर्ट जारी करनी है। डेटा को एनालाइज कैसे करना है तथा कैसे उपयोग करना है यह सब एआई से संभव है। इसके अलावा एआई जिस तेजी से हमारे बीच जगह बना रहा है इसके लिए हमने कुछ प्रीकॉशंस भी रखना चाहिए जैसे हम जो भी एआई यूज कर रहे हैं उसका पैड वर्जन ही उपयोग करें। उन्होंने अग्रेजी की कहावत "नो सच थिंग ऐज़ फ्री लंच" बताते हुए कहा कि फ्री में कभी कुछ नहीं मिलता। मुफ्त की चीजों में हिडन कॉस्ट हमें देना होती है जो कि सामने सामने तो नहीं दिखतीं लेकिन हमें अंततः महंगी पड़ती हैं। मुफ्त के सॉफ्टवेर में हमें डेटा सिक्योरिटी से कोम्प्रोमाईज़ करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि एआई के फायदे तो हैं लेकिन यह हमें मेंटल एवं फिजिकल स्तर पर अकर्मण्य बनाते हैं। यह हमारी रिसर्च कैपेबिलिटीज़ को कम करता है अतएव इसका उपयोग को कंट्रोल्ड मैनर में ही करना उचित होता है। सेमिनार का संचालन टीपीए के संयुक्त सचिव सीए प्रणय गोयल ने किया। इस अवसर पर सीए शैलेंद्र सिंह सोलंकी, सीए अजय सामरिया, सीए उमेश गोयल, सीए अजय ठाकुर सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

स्वच्छता के साथ ही क्लाइमेंट चेंज, विकास कार्यों पर होगी चर्चा

# पार्षदों के साथ स्वच्छता पर अभ्यास वर्ग आज

स्वास्थ्य प्रभारी श्री अश्विनी शुक्ल व सचेतक श्री कमल वाघेला ने बताया कि महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव द्वारा आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के साथ ही इंदौर क्लाइमेंट मिशन व विकास कार्यो पर पार्षदो के साथ दिनांक 14 दिसंबर को प्रात 9 बजे से बिचौली हप्सी स्थित सिटी फॉरेस्ट में अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभापति श्री मुन्नालाल यादव, समस्त महापौर परिषद सदस्य, पार्षदगण व अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहेगे। इस अवसर पर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव व क्लाइमेंट मिशन के श्री चेतन सोलंकी व अन्य विशेषज्ञो द्वारा पार्षदो के साथ स्वच्छता सर्वेक्षण 2024, इंदौर क्लाइमेंट मिशन व शहर विकास हेतु अभ्यास वर्ग में चर्चा की जाएगी।

अभ्युदय मराठी भाषी संघ का आयोजन

# धूमधाम से निकाली भगवान दत्तात्रेय की पालकी यात्रा



अभ्युदय मराठी भाषी संघ, ताम्बे स्वामी कुटी, दत्त नगर दत्त मंदिर रहवासी संघ, महाराष्ट्र मंडल पश्चिम क्षेत्र व सहयोगी संस्थाओं द्वारा प. पु. पुरुषोत्तम आश्रम स्वामी जी के मार्गदर्शन में भगवान दत्तात्रेय की भव्य पालकी यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा की शुरुआत दत्त नगर स्थित दत्त मंदिर से हुआ व राजेंद्र नगर मुख्य सड़क से होते हुए वैशाली नगर स्थित दत्त मंदिर पर पालकी यात्रा का समापन हुआ। पालकी यात्रा में घोड़े, ऊँट, बग्घी, बैंड, डीजे के साथ सभी भक्तजन पारंपरिक वेश भूषा में सम्मिलित हुए। यात्रा संयोजक संजय अड़सपुरकर व सहयोगी मिलिंद दर्प व अतुल परोलकर के नेतृत्व में निकाली गई यात्रा में राजेंद्र नगर, वैशाली नगर व इंदौर शहर से ढेरो भक्तजन इस यात्रा में शामिल हुए। पूरा यात्रा मार्ग दिगम्बरा, दिगम्बरा की गूंज से भक्तिमय हो गया। इस पूरी यात्रा में मातृशक्तियों ने शिवानी अड़सपुरकर व शुभांगी परोलकर के नेतृत्व में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। यात्रा में शुद्धता व पवित्रता का विशेष ध्यान रखा गया। पूरी यात्रा मार्ग पर जगह जगह मंच लगा कर पुष्प वर्षा करके व पालकी की आरती उतार कर स्वागत किया गया।

प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने की समीक्षा

# आरडीएसएस के 30 ग्रिडों का काम अगले तीन माह में पूर्ण करने के निर्देश

## केपिसिटर बैंक का कार्य दिसंबर अंत में शत-प्रतिशत हो जाएगा



रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के कार्यों में हर हाल में तीव्रता लाई जाए। सभी कॉन्ट्रेक्टर समय पालन के लिए गंभीर हो जाए, समय पर पूरा कार्य नहीं होने पर होने वाले नुकसान की सभी जिम्मेदारी संबंधित फर्मों की होगी। आरडीएसएस के तहत इंदौर सहित विभिन्न जिलों में शेष तीस ग्रिडों का काम हर हाल में अगले तीन माह में हो जाए। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की प्रबंध निदेशक सुरजनी सिंह ने ये निर्देश दिए। शुक्रवार को आरडीएसएस के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों एवं संबंधित कॉन्ट्रेक्टर फर्मों के प्रतिनिधियों से बिंदुवार चर्चा की। इसमें 33/11 केवी ग्रिड, ट्रांसफार्मर, कंडक्टर आगमेंटेशन, केपिसिटर बैंक , अंडर ग्राउंड केबल इत्यादि के कार्य शामिल हैं। सुरजनी सिंह ने कहा कि यह योजना टाइम बांउड हैं, समय पर कार्य प्रगति नहीं हुई तो बिजली कंपनी की रैंकिंग पर प्रतिकूल असर पड़ सकता हैं। इसलिए सभी कॉन्ट्रेक्टर फर्म अपने संपूर्ण कार्य समय पर करे। वित्तीय वर्ष 2024-25 समाप्त होने में मात्र तीन से साढ़े तीन माह का समय बचा हैं। इस दौरान बताया गया कि कंपनी क्षेत्र में 741 केपिसिटर बैंकों में से 620 का कार्य पूरा हो गया हैं। शेष केपिसिटर बैंक दिसंबर अंत तक लग जाएंगे। बताया गया कि अब तक तैयार 250 एमवीए क्षमता के 50 ग्रिडों से एवं 620 केपिसिटर बैंकों से रबी की सीजन में किसानों को बिजली पर्याप्त गुणवत्ता के साथ मिल रही हैं। इस समीक्षा बैठक में विभिन्न जिलों के अधीक्षण यंत्रियों ने अपने जिलों की प्रगति बताई। प्रबंध निदेशक ने अधीक्षण यंत्रियों एवं फर्मों के प्रतिनिधियों को वित्तीय वर्ष के अंत तक के शेष कार्यों को समय पर पूर्ण करने, एवं विभागीय तौर पर साप्ताहिक मानिटरिंग करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य अभियंता एसएल करवाड़िया, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एससी वर्मा, आरबी दोहरे आदि ने भी विचार रखें।

## पर्यवेक्षक नियुक्त

**उंदौर।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2024 का आयोजन 15 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक होगा। यह परीक्षा एक सत्र में 12 संभागीय एवं जिला मुख्यालयों इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, रीवा, सागर, शहडोल, नर्मदापुरम, उज्जैनन, सतना, खरगोन एवं रतलाम के परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है। इंदौर जिले में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण कार्य के लिए से.नि. आई.एफ.एस. श्री पी.सी. दुबे, से.नि. आईएएस श्री आशुतोष अवस्थी व अन्य जगह भी इसी तरह नियुक्तियां की गईं।

## सरस्वती पूजन के बाद अधिकारी-कर्मचारी शुरू करेंगे काम

**चैतन्य लोक, इंदौर।** देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी में अब रोजाना सरस्वती पूजन होगा। पूजन के बाद ही आधिकारी-कर्मचारी काम शुरू करेंगे। इसके लिए यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने आदेश भी जारी कर दिया। अंदेशानुसार यूनिवर्सिटी के नालंदा परिसर में रोजाना सुबह सरस्वती पूजना होगा। परिसर में रोजाना पूजन का सिलसिला सोमवार से शुरू किया जाएगा। जिसमें अनिवार्य रूप से सभी को शामिल होना है। कुलगुरू भी रोजाना इस पूजन में शामिल होंगे। देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी प्रबंधन द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि ''कुलगुरू के द्वारा कार्यस्थल पर कार्यों की शुरुआत सकारात्मक ऊर्जा के साथ करने संबंधी नवीन पहल आरंभ की जा रही है। इस हेतु कुलगुरू द्वारा प्रतिदिन प्रातः 10.25 पर नालंदा परिसर में स्थित बगीचे (लेखा विभाग के सामने) में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया जाएगा। समस्त अधिकारी और कर्मचारी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें

पुलिस कंट्रोल रूम आकर बोली-पति के दूसरी महिला से संबंध, मुझे प्रताड़ित कर रहा

# महिला ने पहले जहर खाया फिर की पेट्रोल डालकर आत्मदाह की कोशिश

**पुलिस कंट्रोल रूम पहुंची एक महिला ने पहले जहरीला पदार्थ खा लिया फिर अपने साथ लाई पेट्रोल खुद पर डालकर आग लगाने की कोशिश की। तभी वहां मौजूद पुलिसकमियों की नजर उस पर पड़ी। उन्होंने महिला का ऐसा करने से रोक लिया।**



गीता जयंती महोत्सव में भजन संध्या... शास्त्र के साथ शस्त्र का भी महत्व है

# गीता स्थिति नहीं मन: स्थिति बदलती है : साध्वी परमानंद





**फूटी-कोठी स्थित अग्रसेन धाम पर 27 वॉ अ.भा.गीता जयंती महोत्सव में आज देशभर** ज्योति जी ने संतों की महिमा बताई लामान्यता मनुष्य धनाभाव,समयाभाव एवं ध्यानाभाव में जीता है.परंत ज्ञान का अभाव गीता के उपदेश अध्ययन महाजन ने बताया की प्रवचनों के अंत में प्रसिद्ध संगीतज्ञ राष्ट्रपति पदक प्राप्त शास्त्रीय गायक प्रोफेसर डॉक्टर शशिकांत

# सरकार के एक वर्ष में हुए विकास कार्यों की प्रदर्शनी का आयोजन

यहां स्थानीय लालबाग परिसर में विक्रम ज्ञान मंदिर में लगाई गई एक वर्ष में राज्य शासन द्वारा किए गए अनेक निर्णय, महत्वपूर्ण कार्य और उपलब्धियों पर केंद्रित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया। शुभारंभ विधायक नीना वर्मा ने फीता काटकर किया। इस मौके पर नपाध्यक्ष नेहा बोड़ाने, एडीएम अश्विनी कुमार रावत, एसडीएम रोशनी पाटीदार, सीएमओ विकास डावर सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि मौजूद थे। बता दें कि प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर 11 दिसंबर से 26 दिसंबर तक जनकल्याण पर्व का आयोजन किया जा रहा है। जनकल्याण पर्व के अवसर पर प्रदर्शनी शुक्रवार से शुरू हुई जो 15 दिसंबर तक खुली रहेगी।






## आईसीआईसीआई प्रू लाइफ ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के 99.04 प्रतिशत क्लेम सिर्फ 1.2 दिनों में निपटाए

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने जुलाई 2024 से सितंबर 2024 की अवधि में 99.04 प्रतिशत का क्लेम सेटलमेंट रेशियो हासिल किया है, जो इंडस्ट्री में सबसे अधिक है। खास बात यह है कि डेथ क्लेम निपटाने में औसतन केवल 1.2 दिन का समय लगा है। आईसीआईसीआई प्रू लाइफ इंश्योरेंस के चीफ ऑपरेशन्स ऑफिसर, श्री अमीश बैंकर ने कहा, क्लेम वह पल है जब ग्राहक का विश्वास हम पर टिका होता है, और हम हर क्लेम को संवेदनशीलता के साथ संभालते हैं। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में हमने 99.04 प्रतिशत क्लेम सेटल किए, जबकि नॉन-इन्वेस्टिगेटेड क्लेम्स का एवरेज सेटलमेंट समय (डॉक्युमेंट्स प्राप्त होने के बाद) केवल 1.2 दिन था। इस अवधि में हमने 451 करोड़ रुपये के डेथ क्लेम निपटाए। हमारी क्लेम फॉर श्योर पहल के तहत, हम सभी दस्तावेज जमा होने के बाद योग्य क्लेम्स को एक दिन में निपटाने का वादा करते हैं। इस पहल के तहत वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में हमने 71.24 करोड़ रुपये के डेथ क्लेम निपटाए। हम लगातार इंडस्ट्री में अग्रणी क्लेम सेटलमेंट रेशियो के साथ सबसे आगे बने हुए हैं। वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में यह 97.94 प्रतिशत, वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 98.14 प्रतिशत, वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 98.52 प्रतिशत और पूरे वित्त वर्ष 2024 में 99.17 प्रतिशत रहा।

**99.04**

# क्राइम ब्रांच ने ऑनलाइन ठगी के एक और आरोपी को किया गिरफ्तार

**आरोपी गैंग के कलकत्ता मुखिया एवं पुणे स्थित डिजिटल गैंग से था लगातार संपर्क में**



इंदौर में ऑनलाइन ठगी की शिकायतों में क्राइम ब्रांच इंदौर की स्पेशल टीम नेतृत्व में क्राइम ब्रांच द्वारा संचालित NCRP पोर्टल पर 59 वर्षीय महिला इंदौर निवासी फरियादी ने शिकायत की थी कि उन्हें अज्ञात ठग गैंग के द्वारा स्काइप एवं व्हाट्सएप वीडियो कॉल कर अलग–अलग शासकीय विभाग(CBI,RBI, पुलिस आदि) का अधिकारी बताकर मनी लॉन्ड्रिंग केस में जेल जाने का डर बताकर, फरियादी की निजी एवं बैंकिंग जानकारी प्राप्त करते हुए, बैंक अकाउंट, FD , शेयर्स आदि के रुपयों की जांच करने के नाम से ऑनलाइन 1 करोड़ 60 लाख रुपए प्राप्त करके फरियादी के साथ ऑनलाइन ठगी की गई उक्त शिकायत में क्राइम ब्रांच इंदौर पुलिस के द्वारा तहत् अपराध पंजीबद्ध करके सूरत (गुजरात) एवं मध्यप्रदेश के आरोपीगण प्रतीक जरीवाला, अभिषेक जरीवाला, चंद्रभान बंसल(राकेश कुमार बंसल) ,विवेक रंजन उर्फ पिंटू गिरी निवासी जिला खेड़ा गुजरात, . अल्ताफ कुरैशी निवासी जिला आनंद ,(गुजरात) को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था। उक्त फर्जी डिजिटल अरेस्ट प्रकरण में बांग्लादेश , असम, बंगाल के बॉर्डर पर स्थित कुच बेहर के आरोपी अभिषेक चक्रवर्ती पिता तपन कुमार चक्रवर्ती उम्र 38 वर्ष निवासी कूच बेहर (पश्चिम बंगाल) को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी अभिषेक से पूछताछ करते बताया कि बांग्लादेश–असम बॉर्डर स्थित (पश्चिम बंगाल) का रहने वाला है और MGM कम्प्यूटर क्लास का संचालक है जिसने डिजिटल अरेस्ट गैंग के साथ कोलकाता में होटल के अंदर योजना बनाकर स्वयं का बैंक ऑफ महाराष्ट्र का करेंट बैंक अकाउंट ठगी के लिए उपयोग करना बताया, जब ट्रांजक्शन लिमिट कम थी तो दुबारा पिता के नाम से फर्जी फर्म बनाकर बंधन बैंक में करेंट अकाउंट खुलवाया जिसकी ट्रांजेक्शन लिमिट करोड़ों में थी।

आरोपी को डिजिटल अरेस्ट ठगी की राशि में ज्यादा परसेंटेज पर कार्य करना कबूला एवं कोलकाता से गैंग के हेड द्वारा बताया कि पुलिस को गुमराह करने के लिए तुम्हे ट्रांजेक्शन किसी और जगह से करना होगे जिस पर पहले लखनऊ (उ.प्र.) जाना होगा जहां तुम्हें गैंग के अन्य सदस्यों से मिलने का मौका भी मिलेगा, और फ्रॉड के ट्रांजेक्शन लखनऊ से होंगे तो किसी को शक भी नहीं होगा, पर गैंग के द्वारा एन वक्त पर ट्रांजेक्शन स्थल लखनऊ से पुणे (महाराष्ट्र) कर दिया और गैंग के मेंबर ने पुणे की फ्लाइट टिकट आरोपी को दी और कहा कि तुम्हे कोलकाता से पुणे जाना है और जब आरोपी पुणे पहुंचा तो साथी आरोपियों के द्वारा होटल में ले जाया गया जहां पूरा फ्रॉड ट्रांसक्शन हेतु सेटअप देखा, आरोपी के सामने उसकी गैंग के मेंबरों के द्वारा देशभर के लोगों के साथ डिजिटल अरेस्ट कर ठगी की राशि आरोपी के बैंक खाते में ट्रांसफर कर अन्य खातों में ट्रांजेक्शन किए गए, उसके बाद आरोपी फ्लाइट से वापस कोलकाता आया और बैंक खाते एवं मोबाइल सिमकार्ड का उपयोग बंद कर दिया ताकि पुलिस कार्यवाही से बचा जा सके। क्राईम ब्रांच इंदौर पुलिस के द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड प्राप्त कर प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## भोपाल में "खाद्य हानि और भोजन की बर्बादी कम करने" पर एप्को और डब्ल्यूआरआई इंडिया की हुई कार्यशाला

भोपाल में शुक्रवार को एप्को और डब्ल्यूआरआई इंडिया द्वारा 'खाद्य हानि और भोजन की बर्बादी कम करने" पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई। इसमें संबंधित विभागों, समाज सेवी संगठन, संस्थानों के हितधारकों और प्रतिनिधियों के साथ 50 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रदेश के प्रमुख शहरों में आयोजित होने वाले नीतिगत संवादों की श्रृंखला के पहले भाग में पर्यावरण नियोजन और समन्वय संगठन (एप्को) ने वर्ल्ड रिसोर्सेस इंडिया (डब्ल्यूआरआई इंडिया) के सहयोग से कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में 'खाद्य हानि और भोजन की बर्बादी कम करने" के लिये शहर-स्तरीय रणनीतियों को विकसित करने के लिए विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

कार्यशाला में खाद्य हानि और भोजन की बर्बादी के कारणों और प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, नगर-स्तरीय खाद्यान्न पूर्ति की पद्धतियों और चुनौतियों को मापना, सर्वश्रेष्ठ पद्धतियों का प्रदर्शन करना और पूरे राज्य में खाद्यान्न हानि और भोजन की बर्बादी की समस्या से निपटने की उचित कार्यवाही और योग्य रणनीतियां तैयार करने पर चर्चा हुई। इस श्रृंखला में भोपाल के बाद जबलपुर, ग्वालियर और उज्जैन में भी नगर स्तरीय नीतिगत संवाद आयोजित करने की कार्य योजना बनाई गई है। नीतिगत संवादों का उद्देश्य पारस्परिक शिक्षा को बढ़ावा देना तथा खाद्य हानि और खाद्य अपव्यय से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जनमानस के व्यवहार में सार्थक परिवर्तन लाना है जिससे खाद्यान्न के नुकसान को प्रभावी ढंग से रोका जा सके। भोपाल नगर निगम आयुक्त श्री हरेन्द्र नारायण ने कहा कि "खाद्य हानि और भोजन की बर्बादी आज हमारे लिए एक बड़ी चुनौती है। आपूर्ति श्रृंखला में भोजन की हानि को कम करना भोपाल नगर निगम के लिए एक मुख्य प्राथमिकता है। खाद्य अपशिष्ट को प्रभावशाली तरीके से कम करने के लिए उपभोक्ताओं के सक्रिय प्रयासों, होटल, रेस्तरां और कार्यक्रम आयोजकों जैसे ठोस अपशिष्ट को स्रोत पर ही छाँटकर एवं प्रबंधित करने की आवश्यकता है। डब्ल्यूआरआई इंडिया के वरिष्ठ फेलो एवं पूर्व मुख्य सचिव श्री आर. परशुराम ने प्रतिभागियों से कहा कि भोपाल शहर की स्थानीय चुनौतियों और प्राथमिकताओं की पहचान करके शहर भर में भोजन की हानि और भोजन की बर्बादी को कम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिये पर्यावरणीय, मानव स्वास्थ्य और स्वच्छता पर सकारात्मक प्रभाव हो उनकी पहचान कर सभी स्तर पर इसे शहर में अपनाना होगा।

## पंद्रह हजार स्कूलों ने नहीं दी फीस की जानकारी

**भोपाल**। प्रदेश के 15 हजार स्कूलों ने फीस की जानकारी नहीं दी है। उक्त सभी स्कूल संचालकों ने स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश का खुला उल्लंघन किया है। आदेश की डेडलाइन खत्म होने के बावजूद अब तक जानकारी नहीं दी है। दरअसल स्कूल शिक्षा विभाग ने पिछले 3 साल में स्कूल संचालकों ने कितना खर्च किया और फीस कितनी बढ़ाई इसकी जानकारी मांगी थी। निजी स्कूलों में मनमानी फीस वसूली पर रोक लगे इसलिए आदेश दिए गए थे। शिक्षा माफिया का नेटवर्क ध्वस्त करने के लिए विभाग ने फैसला लिया था। मध्यप्रदेश में 35 हजार से अधिक निजी स्कूल जिसमें से महज 18 हजार ने ही जानकारी दी है। सरकार को अपने खर्च का ब्यौरा स्कूल संचालकों ने नहीं दिया है।

